(2·3)

प्रारुप–6

प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

परियोजना का नामः– **जनपद चम्पावत में पी0एम0जी0एस0वाई के अन्तर्गत नरसिंह डॉडा भगीना भण्डारी मोटर मार्ग का निर्माण**

आज दिनाँक 26–8–2015 को सिचाई खण्ड,लो0नि0वि0 पी0एम0जी0एस0वाई, चम्पावत (एजेन्सी का नाम) के द्वारा नरसिंह डॉडा भगीना भण्डारी मोटर मार्ग लम्बाई 7.000 कि.मी. तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री बाला दत्त भट्ट उप वन क्षेत्राधिकारी, राजस्व विभाग की ओर से श्री दिनेश चन्द्र पाण्डे उप राजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री राजेन्द्र कुमार कनिष्ठ अभियन्ता एवं अन्य दावेदारों के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 3200 (मी0) नाप भूमि. से, 2000 (मी0) सिविल भूमि से, 1800 (मी0) वन पंचायत से, शून्य आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 3.420 हे0 भूमि प्रभावित होगी। वन भूमि वन नाप भूमि में 9 मी0 चौडाई ली गयी है। इस प्रकार नाप भूमि 2.880 हे0 सिविल भूमि 1.800 हे0 वन पंचायत भूमि 1.620 हे0 आरक्षित वन भूमि शून्य की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.420 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 169 वृक्ष चीड, एवं अन्य प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 13 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1000 (मी0) नाप भूमि.से, 3000 (मी0) सिविल भूमि से, 3000 (मी0) वन पंचायत से, एवं आरक्षित वन भूमि शून्य मी0 प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.900 हे0 नाप भूमि 2.100 हे0 सिविल भूमि 2.100 हे0वन पंचायत भूमि शून्य हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 4.120 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 330 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 90 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण का हिस्सा नही है ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु ग्रामवासियों की नाप भूमि प्रस्तावित की गयी है

अन्य आवश्यक विवरण :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 3.420 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है तथा इस मार्ग के बनने से इस क्षेत्र की जनता का तहसील मुख्यालय एवं जनपद मुख्यालय चम्पावत हो जायेगा।

नोट– इस रिपोट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली जाये।

हस्ताक्षर	हस्ताक्षर	हस्ताक्षर	हस्ताक्षर
(प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि	(वन विभाग) प्रतिनिधि	(राजस्व विभाग) प्रतिनिधि	(अन्य दावेदार एवं जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि

सहायक अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0
चम्पावत।

नाम ....
राजस्व उप निरीक्षक गुड़कोट
तहसील – चम्पावत

ग्राम पंचायत गड़कोट

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड लो०नि०वि०
चम्पावत

K.C.
ग्राम पंचायत ......
जनपद चम्पावत

तहसीलदार
चम्पावत

व.र.
वनपाल बीर

वन क्षेत्र अधिकारी
भिंगराड़ा

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत